सोनिया बोलीं भारत स्वर्ग जैसा

- पुर्तकाल, स्पेन, तुर्क समेत 19 देशों की यात्रा पूरी
- सबसे महंगा यूरोप और सबसे सस्ता है भारत

आगरा। सोने की चिड़िया कहे जाने वाला 'भारत' हॉलैंड के पर्यटकों को खूब भाया। यहां के शाकाहारी व्यंजनों के तो वे मुरीद हो गए। तरह-तरह के भोजन का स्वाद लेते हुए इन पर्यटकों ने भारत को स्वर्ग बताया। इनका कहना है कि यूरोप में भोजन सबसे महंगा है, लेकिन भारत में सस्ता और बेहतर। यहां इन्होंने राजस्थानी भोजन का जमकर लुत्फ उठाया।

हॉलैंड के एल्ड्रिक मोल्डर (41) पत्नी सोनिया स्राइज (43) के साथ इन दिनों 30 देशों की यात्रा पर साइकिल से निकले हैं। अब तक पुर्तगाल, स्पेन, तुर्क समेत 19 देशों की यात्रा पूरी कर चुके हैं। करीब डेढ़ महीना पूर्व इन्होंने भारत में प्रवेश किया है। करीब 21 दिन पूर्व यह विश्वदाय स्मारक निहारने के लिए आगरा आए। यहां ताज के समीप शीला होटल में यह ठहरे हुए हैं। अब तक इन्होंने 16,500 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है। पिछले दिनों ताजमहल एवं किला के दीदार करने के बाद यह थक गए थे। अगले दिन सोनिया की आंख खुली तो शरीर में दर्द की शिकायत हुई। दर्द जब कम नहीं हुआ तो एसएन मेडिकल में परीक्षण कराया। चिकित्सकों ने बताया कि कोई गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन एक माह के आराम की जरूरत है। चिकित्सकों की सलाह पर यह आराम कर रही हैं। अकिंचन भारत के संवाददाता को इन पर्यटकों ने बताया कि उन्हें भारत का भोजन सर्वाधिक पसंद आया है। उनका कहना था कि वह शाकाहारी हैं और भारत का शाकाहारी भोजन उन्हें अच्छा लगा। उन्होंने तपाक से कहा कि भारत स्वर्ग है, यहां के लोग और संस्कृति भी सबसे अच्छी है। उन्हें राजस्थानी भोजन दालबाटी और चूरमा सर्वाधिक पसंद आया है। अक्सर वह इसे ही खाती हैं। इसके अलावा हरी सब्जियां और चपाती भी उन्हें खूब अच्छी लग रही हैं। अब तक की यात्रा के बारे में बताया कि यूरोप काफी महंगा है। उन्होंने बताया कि भारत सबसे सस्ता है और यहां होटल भी सस्ते हैं। उन्होंने आगरा के ताजमहल की भी जमकर तारीफ की।

शुक्रवार की सुबह इन पर्यटकों का स्वागत वर्ल्ड पेज ट्रैवल्स कंपनी के संचालक प्रदीप पाराशर, उनके साथी सिद्धार्थ नदेन और आशीष शिवहरे ने किया।



30 देशों की यात्रा पर सपत्नीक साइकिल से निकले हैं हॉलैंड के एल्ड्रिक। फोटो: अकिंचन भारत